प्रदेश में 282 ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील

लखनऊ। प्रदेश में कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए 282 ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हो गए हैं। 15 अगस्त तक 552 प्लांट की स्थापना की कार्यवाही तेजी से चल रही है। वहीं, अस्पतालों में पीडियाट्रिक व नियोनेटल आईसीयू के बेड भी बढ़ाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह जानकारी शनिवार को टीम-9 के साथ कोरोना नियंत्रण की समीक्षा बैठक में दी।

सीएम बोले- बढ़ाए जा रहे पीआईसीयू व एनआईसीयू के बेड

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कोरोना के कारण जिन कार्मिकों की मृत्यु हुई है, उनके आश्रितों को सभी देयों का बिना देरी भुगतान किया जाए। इसके साथ ही मृतक आश्रित के तौर पर दी जाने वाली नौकरी भी समय से दी जाए। अगर इन मामलों में हीलाहवाली होती है तो जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जाए। ब्यूरो